प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 09 जून, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर राज भवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ॰ नितिन कुलकर्णी सहित राज भवन के अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के महान योगदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका साहस, संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा देता है।

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यथिति के अवसर पर बिरसा चौक जाकर वहाँ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।